# वर्ल्ड एक्सपो में हनवा ग्रुप को दिया यूपी में निवेश का न्योता

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो में यूपी का प्रतिनिधिमंडल निवेशकों से संवाद कर रहा है। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में गई टीम वहां इकाइयों का दौरा कर रही है।

इस दौरान सुरेश खन्ना और अवस्थापना व औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने वाकायामा स्थित हनवा ग्रुप की इकाइयों का दौरा किया। वहां उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात, खाद्य उत्पाद और अन्य औद्योगिक उत्पाद बनते हैं। इस दौरान हनवा नेतृत्व के साथ संवाद हुआ। वित्त मंत्री ने औपचारिक रूप से हनवा ग्रुप को उत्तर प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने का आमंत्रण दिया।

**वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में गई टीम ने जापान में तलाशीं निवेश संभावनाएं**

उन्होंने हनवा को उत्तर प्रदेश के कुशल युवकों को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसके सकारात्मक संकेत मिले। एक्सपो में विवियन लूनेला (ईयू कोऑर्डिनेटर, बेल्जियम) के नेतृत्व में यूरोपीय संघ के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश पवेलियन को देखा। उन्होंने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देन के लिए साझेदारियों पर रुचि दिखाई।